हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 30 जनवरी 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 कांग्रेस से कोई एक व्यक्ति नहीं, पूरी पार्टी लड़ रही है चुनाव : छाबड़ा


10 हत्या कर कमल विहार में सुनसान जगह फेंका था ...


## खबर संक्षेप



### एक किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा।** साजा थाना व साइबर सेल की टीम ने प्रतिबंधित 1 किलो 54 ग्राम गांजा के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। साजा क्षेत्र के ग्राम सोमईकला निवासी 26 वर्षीय आरोपी सनत विश्वकर्मा पिता परदेशी विश्वकर्मा के विरुद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि थाना साजा स्टाफ को मुखबीर के जरिए सूचना मिली कि ग्राम सोमईकला निवासी सनत विश्वकर्मा गांजा बेचता है। बेचने के लिए गांजा अपने घर सोमईकला में रखा हुआ है। मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना व साइबर सेल स्टाफ मौके पर पहुंचकर छापा मारा। जहां आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा वजन 1 किलो 54 ग्राम बरामद किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में की गई कार्रवाई में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि बनवाली सोनकर, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, विजेंद्र सिंह, आरक्षक मोती जायसवाल, पीलाराम साहू, दीनदयाल डहरिया, राजू यादव, संजय पाटिल, नूरेश वर्मा एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### श्री बाबा रामदेव मंदिर में माघ मेला आज

**बालोद।** श्री बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा बालोद में 30 जनवरी को माघ मेला प्रारंभ हो रहा है। इसके लिए सुबह 9 बजे अखंड ज्योति प्रज्जवलित की जाएगी। वहीं, चंद्रदर्शन महाआरती का आयोजन संध्या 7:30 बजे से होगा। समिति प्रमुख बाबूलाल जैन समस्त भक्त जनों से महाआरती में उपस्थित होने की अपील की है।

### कौही रानीतराई में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक 9 को

**जामगांव आर।** कौहेश्वर महादेव कौही रानीतराई में 09 फरवरी को सवा लाख पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक का आयोजन रखा गया है। शिवलिंग निर्माण के लिए मिट्टी व शुद्ध जल मंदिर प्रांगण में सुबह 8 बजे से वितरण किया जायेगा। आयोजन कर्ता कलाराम साहू एवं उनके सुपुत्र तामेश्वर साहू ने बताया कि सभी अपनी आवश्यकता अनुसार मिट्टी प्राप्त करके पार्थिव शिव का निर्माण प्रारम्भ करेंगे। शिवलिंग निर्माण के पश्चात रुद्राभिषेक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अभिषेक के बाद शिवलिंग विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली जाएगी। मंदिर समित अध्यक्ष योगेश्वर साहू के बताया कि पूजा के बाद भंडारे की भी व्यवस्था रखी गयी।

### चुनाव : दोनों प्रमुख दलों के प्रत्याशी रैली निकालकर नामांकन भरने पहुंचे

# नपा अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशियों ने भरा नामांकन अंतिम दिन भाजपा-कांग्रेस ने किया शक्ति प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगरीय निकाय के चुनाव के नामांकन भरने के अंतिम दिन मंगलवार को कांग्रेस और भाजपा ने जोरदार शक्ति प्रदर्शन करते हुए पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी सहित नगर के 21 वार्ड के पार्षद प्रत्याशियों ने फार्म जमा किए। शहर के विभिन्न वार्ड से दोनों दलों के प्रत्याशी अपने-अपने समर्थकों के साथ डोल धमाकों के साथ भाजपा व कांग्रेस द्वारा तय स्थान पर पहुंचे। भाजपा ने जहां सिग्नल चौक स्थित पुराना अस्पताल के सामने सभा करने के पश्चात नामांकन पत्र दाखिल किए, वहीं कांग्रेस कार्यकर्ता शहर स्थित कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए। जहां दोनों दलों के नेताओं ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

### चुनाव कोई व्यक्ति नहीं कांग्रेस लड़ रही है : छाबड़ा

नामांकन फार्म जमा करने के पूर्व कांग्रेस भवन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि यह चुनाव कोई व्यक्ति नहीं लड़ रहा है, कांग्रेस संगठन लड़ रही है और इस चुनाव को जीतने के लिए हम सब कटिबद्ध हैं। कांग्रेस एक बड़ा परिवार है और हम सब उस परिवार के सदस्य हैं चाहे हमें टिकट मिली हो या ना मिली हो हम सभी को अपने वार्ड में पार्षद सहित पालिका अध्यक्ष को जीतने के लिए जी तोड़ मेहनत करनी है और इसमें कहीं कोई कमी नहीं छोड़ना है। इसके अलावा श्री छाबड़ा ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार और विधायक की कार्यशैली से शहर की जनता परिचित हो चुकी है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी सुमन गोस्वामी सहित कांग्रेस के पदाधिकारी व वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार रखे। इसके पश्चात रैली के रूप में निकालकर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में अपना नामांकन जमा किए।

रैली के माध्यम से न केवल कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों का नामांकन ही जमा किया है, बल्कि शहर में यह संदेश भी दिया है कि कांग्रेस आज भी दमखम के साथ चुनाव मैदान में डटी हुई है। नामांकन रैली में कांग्रेस प्रत्याशियों में भारी जोश दिखाई दे रहा था। बैंड बाजे और धुमाल के साथ नामांकन रैली निकाली गई। इस अवसर पर लुकेश वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश राघव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता टीआर जनार्दन, अविनाश तिवारी, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता प्रणीश चौबे, ललित विश्वकर्मा, मंगत साहू, शत्रुघ्न साहू सहित कांग्रेस के 21 वार्डों के अधिकृत पार्षद प्रत्याशी सहित शहर के नागरिक मौजूद रहे।

### भाजपा से अध्यक्ष प्रत्याशी विजय सहित 21 पार्षदों ने भरा नामांकन

नामांकन के अंतिम दिन नगर पालिका परिषद के लिए भारतीय जनता पार्टी से अधिकृत प्रत्याशी विजय सिन्हा सहित 21 पार्षदों ने अपना नामांकन फार्म जमा किया। इसके पूर्व पुराना बसस्टैंड स्थित सिग्नल चौक में सभा हुई जहां कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि नगर पालिका में आशीर्वाद दीजिये। उन्होंने कहा कि मीठे जल और प्रधानमंत्री आवास जो कांग्रेस के राज्य में रुका हुआ है, उसे भाजपा के अध्यक्ष व पार्षद के साथ मिलकर किया जाएगा। श्री साहू ने भाजपा प्रत्याशी को विजय श्री दिलाने का आह्वान करते हुए आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा शहर में चहुंमुखी विकास कराने का वादा है।

### विजय ने मांगा विजय का आशीर्वाद

नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी विजय सिन्हा ने कहा कि सभी वर्गों को साथ लेकर नगर का सुव्यवस्थित और योजनाबद्ध विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाने के लिए आशीर्वाद मांगा। सभा को जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, अवधेश चंदेल योगेश तिवारी, राजेंद्र शर्मा, हर्षवर्धन तिवारी मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू सहित अन्य पदाधिकारी व नेताओं ने सम्बोधित किया। उसके बाद पुराना जन आशीर्वाद एवं नामांकन रैली के माध्यम से उत्साहित भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जोश-खरोश से चुनावी शंखनाद किया गया। इस दौरान पूरे 21 वार्डों के अधिकृत पार्षद प्रत्याशी व भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं।

## नगर पंचायत अध्यक्ष के 7 और पार्षद पदों के लिए 53 उम्मीदवारों ने भरा नामांकन





**देवकर।** नगरी निकाय चुनाव 2025 के आगाज के बाद नगर पंचायत देवकर में अध्यक्ष पद पर सामान्य वर्ग से आरक्षण हुआ। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी ने अजय अग्रवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं इण्डियन नेशनल कांग्रेस पार्टी ने बिहारी साहू को प्रत्याशी घोषित किया है। जबकि, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सुरेश सिहोरे ने दांव खेला है। दोनों ही पार्टियों के प्रत्याशियों के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी ने श्री राम मंदिर में पूजा पाठ कर बाजे गाजे के साथ रैली निकालकर नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। रैली में 15 पार्षद पदों के प्रत्याशी भी शामिल थे। भाजपा पार्टी की ओर से क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू एवं भारतीय जनता पार्टी देवकर नगर चुनाव प्रभारी पूर्व ज़िला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, परपोड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष नारद वर्मा विशेष रूप से शामिल हुए।

■ भाजपा ने अजय व कांग्रेस ने बिहारी को मैदान में उतारा, निर्दलीय सुरेश सिहोरे ने खेला दांव

ज्ञात हो कि बिहारी साहू की पत्नी जयंत्री साहू पूर्व में अध्यक्ष एवं अजय अग्रवाल पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत देवकर के रहे हैं। दोनों अब अध्यक्ष पद के लिये आमने-सामने हैं। यह भी बता दें कि जयंत्री बिहारी साहू पूर्व में भाजपा पार्टी से पार्षद चुनाव जीत दर्ज कर कुछ माह बाद कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गई थीं। 5 साल कांग्रेस में अपना कार्यकाल पूरा कर आज फिर से दोबारा कांग्रेस पार्टी से पति बिहारी साहू को अध्यक्ष प्रत्याशी के रूप में खड़ा किया है। वहीं, कांग्रेस के तरफ से स्थानीय कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसके साथ ही एक तीसरा मोर्चा द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष पद एवं पार्षद पद के लिए धमाकेदार और भारी जन सैलाब के साथ श्री राम मंदिर परिसर से पूजा पाठ कर बाजे गाजे के साथ नगर की मुख्य मार्ग होते हुए नगर पंचायत कार्यालय पहुंच कर नामांकन दाखिल किया गया। वार्ड नंबर एक के सुरेश सिहोरे पूरी टीम के साथ रैली निकालकर नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर दमखम के साथ नामांकन दाखिल किया। उनकी रैली और अंदाज देवकर नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि दोनों राष्ट्रीय पार्टी भाजपा और कांग्रेस के नामांकन से ज्यादा निर्दलीय प्रत्याशी सुरेश सिहोरे के नामांकन में भीड़ देखी गई। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए कुल सात लोगों ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं, पार्षद पद के लिए 53 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किया है। सुरेश सिहोरे कांग्रेस पार्टी से जुड़े कार्यकर्ता हैं, जो अब स्वतन्त्र रूप से अपनी पार्टी बना कर चुनाव मैदान की जंग में उतर चुके हैं।

### भाजपा-अध्यक्ष प्रत्याशी अजय अग्रवाल

वार्ड नं 1 सुरेश कुमार सिन्हा
वार्ड नं 2 बद्रीनाथ सिन्हा
वार्ड नं 3 मुन्नी साहू
वार्ड नं 4 अजय सपहा
वार्ड नं 5 रविशंकर स्वर्णकार
वार्ड नं 6 सहदेव सिन्हा
वार्ड नं 7 दिलीप मरकाम
वार्ड नं 8 मनोज शर्मा
वार्ड नं 9 देवेश गुप्ता
वार्ड नं 10 वर्षा साहू
वार्ड नं 11 पुष्पा साहू
वार्ड नं 12 धनीराम देवांगन
वार्ड नं 13 रामकली साहू
वार्ड नं 14 माखन निषाद
वार्ड नं 15 सलमा मिर्ज़ा

### कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी-बिहारी साहू

वार्ड नं 1 सनत कुमार चक्रधारी
वार्ड नं 2 मुरली सिन्हा
वार्ड नं 3 रामप्यारी यादव
वार्ड नं 4 मोहन सिन्हा
वार्ड 5 सतीश ढीवर
वार्ड नं 6 ताराचंद कुम्हार
वार्ड नं 7 बिरेंद्र कुंजाम
वार्ड नं 8 अतुल शर्मा
वार्ड नं 9 राधेश्याम ढीमर
वार्ड नं 10 शांति सिन्हा
वार्ड नं 11 योगेश्वरी साहू
वार्ड नं 12 झंगर देवांगन
वार्ड नं 13 नीरा बाई केवट
वार्ड 14 कीर्ति देवांगन
वार्ड 15 रिजवाना परवीन

### दु:खी आत्मा पार्टी : निर्दलीय अध्यक्ष प्रत्याशी सुरेश सिहोरे

वार्ड नं 01 मुकेश सेन
वार्ड नं 02 भरत निषाद
वार्ड नं 06 विमलेश द्विवेदी
वार्ड नं 10 सरिता समलिया सिन्हा
वार्ड नं 11 नीरा दिनेश साहू
वार्ड नं 12 मनीष निषाद
वार्ड नं 13 सुशीला होरी साहू

## अध्यक्ष के लिए भाजपा-कांग्रेस में सीधा मुकाबला, 15 पार्षद के लिए 33 नामांकन

**परपोड़ी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणवीर शर्मा के निर्देशन में नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 के तहत नगर पंचायत परपोड़ी के 15 वार्डों में पार्षद और अध्यक्ष पद का निर्वाचन होना है।

इसके लिए अंतिम तिथि 28 जनवरी तक पार्षद पद के 33 नाम निर्देशन फार्म प्राप्त हुए। वहीं, एक अध्यक्ष पद के लिए 02 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुआ है। अध्यक्ष के लिए कांग्रेस से विजय दुबे एवं भाजपा से देशु राम साहू ने नामांकन जमा किया है। वहीं, जांच में सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। किसी भी प्रत्याशी का नामांकन फार्म रद्द नहीं हुआ है। नाम वापसी के बाद चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिया जाएगा। राष्ट्रीय दलों को बी फार्म जमा करने पर उन्हें आबंटित किए हुए चुनाव चिन्ह को आबंटित किया जाएगा। इसी प्रकार निर्दलियों के लिए अलग-अलग चुनाव चिन्ह प्रदान किए जाएंगे।

## भाजपा प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन



**बेरला।** नगरीय निकाय 2025 के चुनाव का आगाज के बाद नगर पंचायत बेरला में भाजपा प्रत्याशियों ने रैली निकालकर नामांकन भरा। नामांकन रैली के पूर्व बाज़ार चौक बेरला में सभा का आयोजन किया गया था।

सभा में मुख्य रूप से बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, बेरला मण्डल अध्यक्ष डोमेन्द्र सिंह राजपूत, बलराम पटेल, रोहित माहेश्वरी उपस्थित रहे, सभा को मंचस्थ उक्त नेताओं ने सम्बोधन किया। सभा में भाजपा से नगर पंचायत अध्यक्ष हेतु विशाल राज देशलहरे एवं पार्षद हेतु क्रमशः हीरालाल सोनी, संतोष साहू, शिवझड़ी सिन्हा, मथुरा बाई साहू, जितेन्द्र जैन, लोकनाथ ठाकुर, भुनेश्वरी टंडन, संतोष गेंन्द्रे, मानक चतुर्वेदी, अंजनी पाटिल, बलराम सिवारे मधु द्विवेदी, बलराम यादव, राज राजपूत, लता वर्मा को प्रत्याशी घोषित किया गया है। सभी प्रत्याशियों के द्वारा बाजार चौक बेरला मे हनुमान मंदिर मे पूजा अर्चना कर बाजे गाजे पटाखे के शोर के साथ रैली का प्रारंभ किया तत्पश्चात मुख्य मार्ग पर उपस्थित सभी चौक चौराहों से होते रैली नगर पंचायत भवन में समाप्त हुई।

आयोजित रैली के दौरान नगर की जनता द्वारा भाजपा प्रत्याशियों के प्रति समर्थन दिखा रैली के दौरान सभी प्रत्याशी नगर के जनता से आशीर्वाद ले रहे थे। उसके बाद नगर पंचायत बेरला में सभी अभ्यार्थियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी विशाल राज देशलहरे के नेतृत्व में अपना नामांकन दाखिल किया, नामांकन दाखिल करते समय संजीव तिवारी, यतीश द्विवेदी, आशीष सोनी, मनोज वैष्णव सहित समस्त भाजपा नेता उपस्थित थे।

## नगर पंचायत अध्यक्ष के 5 सहित वार्ड पार्षदों के सभी 43 नामांकन पत्र वैध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

नगर पंचायत निर्वाचन के लिए प्राप्त सभी आवेदनों का रिटर्निंग आफिसर केआर वासनिक ने अध्यक्ष के 5 व पार्षद पद के सभी 15 वार्ड में 43 नाम निर्देशन पत्र की जांच की।

■ रिटर्निंग आफिसर वासनिक ने की नामांकन पत्रों की जांच

संवीक्षा में सभी आवेदन वैध पाये गये। सुबह 10:30 बजे शुरू हुई स्क्रूटनी में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति दर्ज नहीं की गई। संवीक्षा के बाद सभी आवेदन स्वीकृत घोषित किए गए। इसके साथ ही अध्यक्ष के लिए बहूकोणीय मुकाबला होने की संभावना है जबकि पार्षद पद के लिए नौ वार्ड में भाजपा व कांग्रेस में सीधे संघर्ष है। जबकि वार्ड क्र 04,06, 07,08, 10,11 व 12 में त्रिकोणी मुकाबले के आसार दिख रहे हैं। 31 जनवरी को नाम वापसी के बाद तस्वीर साफ होगी। इस बार भाजपा व कांग्रेस दोनों दलों में बागी उम्मीदवार दिख रहे हैं। नामांकन की तिथि समाप्त हो जाने के बाद 31 जनवरी को सभी प्रत्याशियों को सिम्बॉल एलॉट होते ही चुनावी पारा चढ़ने की संभावना है। कांग्रेस व भाजपा के सभी अधिकृत प्रत्याशियों का घर-घर जनसंपर्क शुरु हो चुका है। चौक चौराहों, हॉटलों व पान ठेलों में प्रचार प्रसार जोरों पर है। वहीं, जीत हार को लेकर अटकलें भी तेज हो गयी हैं।

दोनों दलों के कार्यकर्ता अपने प्रत्याशियों को जिताने कई पैंतरे अजमाने में लगे हैं। प्रत्याशी व कार्यकर्ता मतदाता सूची का समीक्षा कर जीत हार में कम ज्यादा मेहनत को लेकर भी रणनीति तैयार करने में जुट गये हैं। इस बार चुनाव प्रचार के लिए प्रत्याशियों के पास कम समय बचा है। इसलिए कार्यकर्ताओं के भरोसे चुनाव वैतारणी पार किया जा सकता है।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटें
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411



## खबर संक्षेप

### बृजमोहन ने प्रयागराज महाकुंभ के लिए स्पेशल ट्रेन की रेल मंत्री से की मांग


**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को प्रयागराज महाकुंभ स्नान हेतु विशेष ट्रेन सुविधा प्रदान करने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रायपुर मंडल के डीआरएम को पत्र लिखा है। श्री अग्रवाल के लिखा है, उनके लोकसभा क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण महाकुंभ स्नान हेतु प्रयागराज जाना चाहते हैं लेकिन वर्तमान में उपलब्ध ट्रेनों की संख्या सीमित होने के कारण यात्रियों को लंबी प्रतीक्षा सूची और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। श्री अग्रवाल ने मांग की है कि रायपुर अथवा दुर्ग से प्रयागराज तक महाकुंभ अवधि के लिए विशेष ट्रेन आरंभ की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को इस पवित्र स्नान का अवसर सहजता से प्राप्त हो सके।

### चैंबर चुनाव निर्वाचन समिति की बैठक 3 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वर्ष 2025 के चुनाव प्रक्रिया संबंधी निर्वाचन समिति की बैठक 3 फरवरी को राजधानी के चैंबर भवन स्थित सभागार में शाम 5 बजे से आयोजित है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली ने यह बैठक बुलाई है। चैंबर चुनाव निर्वाचन समिति की बैठक में निर्वाचन अधिकारियों के साथ चैंबर चुनाव संबंधी प्रारंभिक निर्वाचन कार्यवाही और मतदान तिथि तथा मतदान केंद्र निर्धारण के संबंध में विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस आशय की जानकारी देते हुए चैंबर के निर्वाचन अधिकारी प्रकाश गोलछा ने बताया कि 3 फरवरी को होने वाली बैठक में चैंबर चुनाव कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था के संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी की मौजूदगी में चर्चा तथा मतदान की तारीख के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

### प्रकाशचंद बने रविवि कार्यपरिषद के सदस्य

रायपुर। छत्तीसगढ़ के प्रख्यात समाजसेवी एवं वरिष्ठ सिविल



इंजीनियर प्रकाशचंद चोपड़ा को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की कार्यपरिषद का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के आदेशानुसार की गई है। उनकी नियुक्ति से विश्वविद्यालय को निश्चित रूप से उनके अनुभव, कुशल प्रबंधन और सामाजिक सरोकारों का लाभ मिलेगा। शिक्षा, समाजसेवा और प्रशासनिक कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी विश्वविद्यालय की प्रगति में अहम भूमिका निभाएगी।

### सोसायटी में फिर से टोकन मिलना शुरू

**रायपुर।** धान खरीदी के लिए निर्धारित तिथि के पहले ही किसानों को टोकन देना बंद किए जाने से धान बेचने के लिए शेष रह गए किसानों में आक्रोश को देखते हुए सोसाइटी माड्यूल से पुनः टोकन जारी करना तो शुरू कर दिया गया है, पर शासन-प्रशासन व किसान की गलती के चलते पात्रता के बावजूद भी निर्धारित टोकन में धान न बेच पाने वाले गिनती के किसानों को अभी तक राहत नहीं दी गई है। ऐसे किसानों को एक अतिरिक्त टोकन जारी करने की मांग को लेकर किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मुख्य सचिव अमिताभ जैन व मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह को ई-मेल से ज्ञापन भेजा है। श्री शर्मा ने बताया कि ज्ञापन में ध्यानाकर्षण के बाद धान खरीदी के लिए निर्धारित तिथि 31 जनवरी के पहले ही सोसायटी माड्यूल व ऑनलाइन टोकन जारी करना बंद किए जाने की ओर ध्यानाकर्षण कराए जाने के बाद 26 जनवरी से पुनः टोकन जारी कराना शुरू किए जाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया गया है कि पूरे प्रदेश में बमुश्किल गिनती के ऐसे किसान शेष रह गए हैं, जो शासन-प्रशासन अथवा स्वयं की गलती की वजह से पात्रता के बाद भी अपना बचत धान नहीं बेच पाए हैं। ज्ञातव्य हो कि शासन ने 5 एकड़ तक के किसानों के लिए 2 टोकन व इससे ऊपर रकबे के किसानों के लिए 3 टोकन निर्धारित किए हैं।

# तीन साल से गायब 27 डाक्टरों की स्वास्थ्य विभाग से छुट्टी, 21 के खिलाफ जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा अधिकारी के रूप में पदस्थ किए गए 27 डाक्टर गायब हो गए। तीन साल और इससे अधिक अवधि तक अनुपस्थित रहने के दौरान उन्हें विभागीय नोटिस भी जारी किया गया था। इसके बाद बड़ा एक्शन लेते हुए इन डाक्टरों की सेवा समाप्त कर दी गई है। माना जा रहा है कि ज्यादातर चिकित्सकों ने निजी अस्पताल में नौकरी कर ली। इसके साथ ड्यूटी में लापरवाही बरतने के मामले में 21 चिकित्सा अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश हुए हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा डाक्टरों में विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा अधिकारी और चिकित्सा विशेषज्ञ के रूप में पदस्थ किया गया था। स्वास्थ्य केंद्रों में इनकी नियुक्ति का उद्देश्य दूर-दराज के क्षेत्रों तक उपचार व्यवस्था को बेहतर और सुगम तरीके से पहुंचाना होता है। नियम के मुताबिक चिकित्सक बिना किसी पूर्व सूचना के लगातार तीन साल अथवा उससे अधिक अवधि के लिए ड्यूटी से अनुपस्थित नहीं रह सकते। जिन डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की गई वे लंबी छुट्टी पर थे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस नियम का उल्लघंन करने वाले इन डाक्टरों को पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किया गया था। कुछ डाक्टर ने इसे नजर अंदाज कर दिया, वहीं कुछ सुनवाई में उपस्थित हुए। उनका पक्ष सुनने और प्रस्तुत अभ्यावेदन पर गंभीरता से विचार करते हुए चिकित्सा अधिकारियों व विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा समाप्त कर दी गई है।

**स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया था पदस्थ, नोटिस का भी नहीं दिया जवाब**



### इन डाक्टरों की सेवा समाप्त

चिकित्सा अधिकारी डी. प्रशांत कुमार, देवेन्द्र प्रताप, अशोक गुप्ता, शिशिर चंद्राकर, गीता पैकरा, वंदना पटेल, सौरभ अग्रवाल, दीपिका अग्रवाल, विवेक साहू, विश्वजीत करकड़े, अपराजिता माहेश्वरी, बौक्का पवन कुमार, नेहा सरजल, ईशा अरविंद, जिशान दानी, अवधेश प्रताप सिंह, श्रुति तिवारी, मानवेन्द्र जंघेल, देवेश प्रधान, तरुण नायक, नागेन्द्र सोनवानी, योगेश धाबर्डे, दीक्षा मरकाम, तान्या मिश्रा, संदीप तिवारी, प्रणवकांत अघारे एवं कृतिका साहू शामिल हैं।

## अवैध संबंध का भेद खुलने के डर से आरोपी ने दिया घटना को अंजाम

# हत्या कर कमल विहार में सुनसान जगह फेंका था युवती का शव, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कमल विहार इलाके के सुनसान जगह पर कुछ दिनों पूर्व एक युवती का शव मिला था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला था कि किसी ने उसकी हत्या कर शव को वहां लाकर फेंका है। घटना की जांच करते हुए पुलिस ने हत्यारे को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि मृतका उसे और उसकी पत्नी को पहले से जानती थी। इसकी जानकारी होते ही उसे भय सताने लगा कि मृतका कहीं अवैध संबंध की जानकारी उसकी पत्नी को न दे दे। इस भय से आरोपी ने उसकी हत्या कर दी।

**सीसीटीवी कैमरे में कार में बैठने के मिले फूटेज :** पुलिस अधिकारियों ने इस अंधे कत्ल का खुलासा करते हुए बताया कि 14 जनवरी 2025 को पुलिस को कमल विहार सेक्टर-1 में सुनसान जगह पर अज्ञात युवती का शव मिला है, जिसकी पहचान कोटा निवासी के रूप में की गई थी। इस घटना की प्रारंभिक पुलिस जांच में पता चला था कि मृतका घर से बिना बताए कभी भी कहीं भी चली जाती थी। वह अपने पास मोबाइल भी नहीं रखती थी, इसलिए युवती घर से कितने बजे से निकली है, इसकी जानकारी उसके परिजनों को भी नहीं थी। पुलिस ने इसके बाद उसके घर के आसपास क्षेत्र से लेकर कमल विहार तक, रेलवे स्टेशन के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला।

इन कैमरों में मिले फूटेज के आधार पर पुलिस को अहम सुराग मिले। इससे पता चला कि युवती घटना के दिन शाम 7.15 बजे ई-रिक्शा में बैठकर लालपुर तक गई। यहां पुनः ई-रिक्शा में बैठकर वह रात करीब 9 बजे रेलवे स्टेशन पहुंची। स्टेशन पहुंचने के बाद युवती उसी रात करीब 1.55 बजे सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार में बैठती नजर आई। इस कार के जब फूटेज खंगाले गए तो कार को फाफाडीह फ्लाई ओव्हरब्रिज के पास स्पॉट करना पाया गया। पुलिस ने इसके बाद इस कार का डिटेल निकालकर आरोपी बृजेश ओझा निवासी बिलासपुर को कुम्हारी टोल प्लाजा के पास पकड़ा। पुलिस ने जब उससे कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने अपना गुनाह कबूल लिया।

### कार-मोबाइल जब्त

पुलिस ने घटना में उपयोग में लाई गई कार के साथ आरोपी का मोबाइल जब्त किया है। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 103 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



### इस तरह दिया घटना को अंजाम

बृजेश ओझा ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह रेलवे स्टेशन में अपनी पत्नी के साथ चाय दुकान चलाता है। इसके अलावा वह पार्ट टाइम किराये में लेकर चारपहिया वाहन बुकिंग का कार्य करता है। घटना के दिन किराए की कार से अपने दोस्त से मिलने टिकरापारा गया था। इसके बाद वे दोनों कमल विहार स्थित शराब भट्ठी गये और शराब पी। शराब पीने के बाद वह अपने दोस्त को वापस उसके घर छोड़कर रेलवे स्टेशन पहुंचा। यहां उसे मृतका मिल गई। इसके बाद वह उसे वाहन में बैठाकर टिकरापारा ले गया और वहां उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। मृतका ने इस दौरान उसे बताया कि वह उसे और उसकी पत्नी को जानती है। इसे जानकर बृजेश को डर सताने लगा कि युवती कहीं अवैध संबंध की जानकारी उसकी पत्नी को न दे दे। इसी डर से उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर शव को सुनसान जगह पर फेंककर फरार हो गया।

## भाजपा नेताओं ने की कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की शिकायत, एफआईआर की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा ने महाकुंभ के आयोजन को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा महू में दिए गए बयान को घोर सनातन विरोधी और घृणित सोच का परिचायक बताते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग सिविल लाइन थाने पहुचंकर की है। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, विधि प्रकोष्ठ के संयोजक जेपी चंद्रवंशी और सह संयोजक बृजेश पांडे ने मंगलवार शाम को सिविल लाइन थाने में आवेदन सौंपा है।

भाजपा ने पुलिस को सौंपे आवेदन में कहा, कांग्रेस ने एक बार फिर अपने सनातन विरोधी राजनीतिक चरित्र का परिचय दिया है। कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे ने सनातन धर्मप्रेमियों की आस्था पर आघात करते हुए इस आयोजन को लेकर जो बयान दिया है, सनातनप्रेमियों के साथ ही भारतीय जनता पार्टी भी उसे घोर आपत्तिजनक मानती है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने मध्यप्रदेश के महू में महाकुंभ के आयोजन को लेकर कहा है, गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी खत्म होगी क्या? आपको खाना मिलता है क्या? जब बच्चा भूखा मर रहा है, बच्चा स्कूल नहीं जा रहा, मजदूर को मजदूरी नहीं मिल रही, तब हजारों रुपए खर्च करके कंपीटिशन में डुबकियां मार रहे हैं। ऐसे लोगों से देश की भलाई नहीं होने वाली है। भाजपा नेताओं ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के इस बयान से सनातन धर्म में आस्था रखने वालों की भावनाएं आहत हुई हैं। भाजपा नेताओं ने आवेदन में कहा, महाकुंभ के आयोजन को लेकर महू में दिए गए आपत्तिजनक व घोर सनातन विरोधी बयान के परिप्रेक्ष्य में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि सामाजिक सौहार्द्र बना रहे।

## लभांडी की पानी टंकी राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने डेढ़ साल से अटका काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल आउटर वार्ड के रहवासियों को पीने का साफ पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है।

अमृत मिशन के तहत लभांडी में नई पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने नगर निगम के पास फंड नहीं है। इसके चलते पिछले डेढ़ साल से नई पानी टंकी का लाभ रहवासियों को नहीं मिल पाया।

- रहवासी परेशान, निकाय चुनाव में बन सकता है मुद्दा
- स्मार्ट सिटी से भी नहीं मिला फंड

दरअसल, नगर निगम ने जोन 9 क्षेत्र स्थित शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी और फुंडहर गांव में रहवासियों को पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने लभांडी और फुंडहर में 2 नई टंकी बनाई है। पर टंकियों को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन के लिए पाइप लाइन बिछाने के लिए पैसे नही है। डेढ़ साल से यह काम अटका हुआ है। ऐसे में प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने पहले पंद्रहवें वित्त आयोग मद से 48 करोड़ का प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा, पर डेढ़ साल बीतने के बाद इसकी मंजूरी नहीं मिली। दोनों गांव के रहवासी अब भी बोरवेल और कुंए के भरोसे अपनी प्यास बुझा रहे हैं। पेयजल संकट की समस्या इस बार के निकाय चुनाव में एक बड़ा मुद्दा के रूप में उभर सकता है। लोगों का कहना है कि नगर निगम द्वारा बनवाई गई लभांडी और फुंडहर की नई पानी टंकी केवल शोपीस बनकर रह गई है।




### मंजूरी नहीं मिलने से काम अटका

अमृत मिशन के तहत लभांडी में बनाई गई नई पानी टंकी से जल आपूर्ति शुरु कराने विभागीय अधिकारियों ने रायपुर स्मार्ट सिटी से आवश्यक राशि की मांग की । पर फंड की इसकी मंजूरी नहीं मिलने से काम अटका हुआ है। वहीं फुंडहर में नवनिर्मित पानी टंकी को शुरु करने वित्त आयोग मद से राशि की मांग करने की बात प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने पूर्व में की थी।

## शुरू करने के आश्वासन में बीत गया साल, पेट सीटी मशीन पर अंतिम फैसला अब तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खरीदी के दौरान हुई एक चूक की वजह से शुरू हुआ पेट सीटी मशीन का विवाद अब तक खत्म नहीं हो पाया है। जनहित में इसे शुरू करने के आश्वासन में सालभर से ज्यादा का वक्त बीत चुका है, मगर इस पर अंतिम फैसला नहीं लिया जा सका है। आंबेडकर अस्पताल के कैंसर विभाग में लगी इस मशीन की वास्तविक हालत जानने इंजीनियरों की टीम ने जांच कर रिपोर्ट तैयार करने का काम भी अब तक अधूरा रखा है।

खरीदी के बाद ही विवादों के घेरे में आई पॉजीट्रान एमिएशन टोमोग्राफी मशीन से जांच की जरूरत वाले मरीजों को निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है। इस मशीन को जनहित में शुरू करवाने का आश्वासन सालभर पहले दिया गया था। मशीन का उपयोग शुरू करने आने वाले अवरोधों को दूर करने के लिए कई बार डेड लाइन तय की जा चुकी है, मगर अब तक यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि छह साल से शो-पीस की तरह रखी इस मशीन का उपयोग हो सकता है अथवा नहीं? सूत्रों के अनुसार अंतिम दौर में मशीन की जांच के लिए इंजीनियरों के एक दल को बुलाया गया था। टीम ने मशीन की स्थिति की जांच की, मगर उसकी विस्तृत रिपोर्ट अब तक विभागीय अफसरों को नहीं मिल पाई है। पेट सीटी मशीन के उपयोग के बारे में मेडिकल कालेज प्रबंधन और क्षेत्रीय कैंसर संस्थान से जुड़े चिकित्सक का कहना है कि फैसला शासन स्तर पर लिया जाना है, इसलिए वे कुछ बोल नहीं सकते। इससे जुड़ा एक प्रकरण उच्च न्यायालय में भी विचाराधीन है।

### खास बातें

- कई बार डेड लाइन तय, मशीन की हालत की जांच रिपोर्ट अधूरी
- छह साल पहले हुई थी मशीन की खरीदी, विवाद अब तक खत्म नहीं




### 18 करोड़ की है मशीन

पेट सीटी मशीन की खरीदी वर्ष 2018 में लगभग 18 करोड़ रुपए में की गई थी। विभाग में मशीन पहुंचने के बाद यह विवादों में पड़ गई। कैंसर की सटीक पहचान करने वाली इस मशीन के माध्यम से आंबेडकर अस्पताल में कैंसर के इलाज के लिए आने वाले मरीजों को आयुष्मान कार्ड के जरिए निशुल्क जांच की सुविधा मिलती। अभी निजी अस्पतालों में इस जांच के लिए आठ से दस हजार रुपए तक खर्च करना पड़ता है।

### कैंसर संक्रमण की पहचान

पेट सीटी मशीन कैंसर से प्रभावित अंगों की सटीकता से पहचान करती है। इसकी जांच के आधार पर चिकित्सक सही समय पर अपना उपचार शुरू कर सकते हैं। इस मशीन की सुविधा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भी है, मगर वहां के मरीजों के बाद दूसरे अस्पतालों से आने वाले मरीजों को सुविधा दी जाती है। इस चक्कर में इस टेस्ट के लिए मरीजों को दो से तीन महीने तक इंतजार करना पड़ता है।

## केंद्रों की सूची संग अन्य दिशा-निर्देश भी जारी

# 10वीं-12वीं की परीक्षा में स्कूल आईडी अनिवार्य होगी, डायबिटिक छात्र ले जा सकेंगे खाद्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इस साल देशभर से सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025 में लगभग 44 लाख स्टूडेंट भाग ले रहे हैं। इनमें से 50 हजार विद्यार्थी छत्तीसगढ़ से हैं।

हर साल की तरह इस साल भी बोर्ड ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में भाग लेने वाले स्टूडेंट के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। यह दिशानिर्देश छात्रों को परीक्षा हॉल में प्रतिबंधित आइटमों और अलाउड आइटमों के संबंध में जारी किया गया है। 10वीं-12वीं की परीक्षा में भाग लेने वाले सभी रेगुलर स्टूडेंट को सीबीएसई बोर्ड एग्जाम एडमिट कार्ड के साथ स्कूल आईडी कार्ड को लेकर जाना अनिवार्य है। वहीं प्राइवेट स्टूडेंट के लिए सीबीएसई एडमिट कार्ड के साथ सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त फोटो आईडी प्रूफ होना चाहिए। सीबीएसई ने स्टूडेंट के लिए ड्रेस कोड भी जारी किए हैं।

### स्कूलों को प्रेषित की गई सूची

छात्रों को परीक्षा हॉल में वॉलेट, गॉगल्स, हैंडबैग और पाउच ले जाने पर भी मनाही है। इतना ही नहीं मधुमेह रोगियों को छोड़कर अन्य परीक्षार्थियों द्वारा किसी भी तरह के खाने की चीज, चाहे वो खुली हो या फिर पैक लेकर जाने की मनाही है। कोई भी अन्य आइटम जिसका अनुचित साधनों के लिए उपयोग किया जा सकता है, उसे अनुचित साधनों की श्रेणी में माना जाएगा और नियमों के अनुसार दंडनीय होगा। सीबीएसई ने अपनी वेबसाइट पर इन वस्तुओं की सूची विस्तृत रूप से जारी कर दी है। इसके अलावा स्कूलों को भी इसे प्रेषित कर दिया गया है।

### पारदर्शी होनी चाहिए पानी बोतल

इसके अलावा सीबीएसई ने सभी छात्रों के लिए ड्रेस कोड जारी किया है। सीबीएसई ने कहा कि रेगुलर छात्रों को बोर्ड परीक्षा में अपने-अपने स्कूल यूनिफॉर्म में आना होगा। वहीं प्राइवेट छात्रों को हल्के कपड़ों के साथ बोर्ड परीक्षा में भाग लेना होगा। इसके अलावा छात्रों को परीक्षा केंद्र में एंट्री पाने के लिए गहन तलाशी से गुजरना होगा। स्टेशनरी आइटम जैसे, पारदर्शी पाउच, जियोमेट्री/पेंसिल बॉक्स, नीला/रॉयल ब्लू इंक/बॉल पॉइंट/जेल पेन, स्केल, राइटिंग पैड, रबर लेकर जा सकेंगे। इसके साथ ही परीक्षा हॉल में स्टूडेंट एनालॉग घड़ी, पारदर्शी पानी की बोतल, मेट्रो कार्ड, बस पास और पैसे लेकर जा सकते हैं।

### कलेक्टर पहुंचे मत्स्य पीएचई विभाग के दफ्तर



**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने मंगलवार को तेलीबांधा स्थित मत्स्य विभाग और पंडरी रोड स्थित पीएचई विभाग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन करते हुए अनुपस्थित कर्मचारियों की जानकारी ली। कलेक्टर डॉ. सिंह ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अवकाश पर जाता है, तो उसके अवकाश आवेदन की प्रति उपस्थिति रजिस्टर में अनिवार्य रूप से रखी जाए।

## छत्तीसगढ़ के प्रथम डीजीपी श्रीमोहन शुक्ला का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

छत्तीसगढ़ के प्रथम पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) श्रीमोहन शुक्ला का मंगलवार को प्रातः आकस्मिक निधन हो गया। रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी श्री शुक्ला (आयु 85 वर्ष) ने भोपाल के वैशाली नगर स्थित अपने निवास पर अंतिम सांस ली। श्री शुक्ला का अंतिम संस्कार आज दोपहर 12 बजे भोपाल में हुआ। इस दौरान परिवारजनों, मित्रों और पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। वे 1 नवंबर 2000 से 26 मई 2001 तक वे छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक के पद पर अपनी सेवाएं दी है। (डीजीपी) रहे। इसके बाद उन्होंने 26 मई 2001 से 2 अक्टूबर 2004 तक छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रथम अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दीं। उनके निधन पर छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय, नया रायपुर में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।



- पुलिस मुख्यालय नया रायपुर में दी गई

## खबर संक्षेप

### अपहरण कर नाबालिग से किया अनाचार

**भिलाई।** अपहरण कर नाबालिग जान से मारने की धमकी देकर अनाचार करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 363, 376 (2), 506, पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### धारदार हथियार के साथ बदमाश पकड़ाया

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर घूमने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने दलजीत सिंह उर्फ बादल, हरप्रीत सिंह और दो अपचारी बालको को पकड़ा गया है। टीवीएस शो रुम के पास लोगों में दहशत फैलाने का काम कर रहे थे। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 296,351(2),,333,3(5)भा0न0स0, 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। लोगों को धारदार हथियार लेकर डराया धमकाया करते थे।

### कार में बम रखकर किया विस्फोट, लोग दहशत में

**भिलाई।** एक कार में बम रखकर ब्लास्ट करने का मामला सामने आया हे। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पुलिस पहुंची। विस्फोट का पूरा मामला सीसी कैमरे में कैद हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक घटना प्रकाश महोबिया के कार्यालय के पास की है। कोहका से कुरुद जाने वाली मुख्य सड़क पर इंदु आईटी स्कूल के पास है। कार प्रकाश महोबिया के भांजे, संजय बुंदेला की बताई जा रही है। टाइमर बम धमाका सीसी कैमरे में कैद हो गया है। जिसमें स्पष्ट रुप से दिखाई दे रहा है। जहां एक युवक चेहरा ढककर कार के पास पहुंचा। फिर युवक ने कार में बम लगा दिया। उसने बम पर टाइमर सेट किया और उसे उड़ा दिया। धमाका इतना शक्तिशाली था कि आसपास के क्षेत्र तक आवाज सुनाई दी। घटना के बाद आसपास के लोग घर के बाहर आकर इधर उधर देखने लगे। घटना किसी बड़ी साजिश का हिस्सा तो नहीं है। इसके लिए मौके पर सुपेला पुलिस और स्मृति नगर पुलिस पहुंचकर जांच में लिया है। विस्फोट को लेकर पुलिस कुछ बता नहीं पा रही है। विस्फोट में खबर लिखे जाने तक कोई घायल होने की खबर नहीं मिला है। कार की स्थिति को देख धमाका बेहद शक्तिशाली था।

### गाली गलौज करने वाले तीन धरे गए

**भिलाई।** दुकान में घुसकर जान से मारने की धमकी देकर गाली गलौज करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 351(2), 115(2), 333, 324(2), 119(1), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि नया पारा दुर्ग निवासी अरविंद कुमार गुप्ता ने शिकायत किया कि वार्ड 1 नायापारा दुर्ग निवासी सुभाष राजपुत उर्फ बिल्लु अपने साथी वार्ड 5 शीतला नगर दुर्ग अतुल गुप्ता उर्फ सोमू और हरीश पांडे उर्फ मीनू मिलकर उसके घर आए थे। तीनों ने दबंगई दिखा रहे थे। पुलिस ने जब पूछताछ किया तो घटना को अंजाम देना स्वीकार है। आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/ 2025
बिलासपुर, दिनांक 20/01/2025

श्री आर्यन्त घृतलहरे आत्मज श्री पन्ना लाल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम-भुरकी, थाना, तहसील एवं जिला बेमेतरा छ.ग. एवं कुमारी अवंतिका मसीह आत्मज श्री विजय मसीह उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम थाना, तहसील कोटा जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा 5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 27/02/2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।

(आर.ए. कुरूवंशी)
अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी बिलासपुर छ.ग.

---

**पर्व : अंचल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस, हुए विविध कार्यक्रम**

# बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

ग्राम मडियाकट्टा में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दिन प्रतिभाशाली बच्चों सहित गांव के निरक्षर जो शासन की योजना के तहत अब साक्षर हो गए हैं, उन्हें साक्षरता का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। कान्हा मण्डावी और विशाल को राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा एवं प्रयास विद्यालय में चयनित होने पर प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

■ मड़ियाकट्टा में प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

इसी तरह इंस्पायर आवार्ड में चयनित होने पर योगेन्द्र कुमार कक्षा सातवीं, तृप्ति सिन्हा कक्षा आठवीं को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम में निरक्षर को साक्षर सत्र 2024 का स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा 42 निरक्षर को साक्षर प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इसी प्रकार भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शामिल कक्षा पांचवीं, छठवीं, सातवीं व आठवीं के बच्चों का प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालू राम पिकेश्वर ने ध्वजारोहण किया। उसके बाद रैली निकालकर चौक चौराहों पर ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर पालकगण, गणमान्य नागरिक ,शिक्षक परसराम साहू, दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, नारदराम भुआर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गिरिवर सिंह कोलियारे ने किया। सरपंच सीमा मण्डावी ने ग्राम के हृदय स्थल का ध्वजारोहण ग्राम पटेल संतराम सहारे ने, आंगन बाड़ी केन्द्र एक का अश्वन मण्डावी ने, केंद्र क्रमांक दो का रुकमणी मण्डावी ने तथा सभी वार्डो का ध्वजारोहण वार्ड प्रमुख द्वारा किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ महतारी की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पटेल संतराम सहारे, अध्यक्षता राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने किया। विशेष अतिथि सीमा मंडावी, चैतराम ठाकुर, रामस्वरूप नेताम, रोहित कुमार टेर्भुने, भगवानी सिन्हा, फत्तेसिंह ठाकुर, सुखेन्द्र सहारे एवं ग्राम प्रमुख के आतिथ्य में संपन्न हुआ। सभी अतिथियों का स्वागत शाला परिवार द्वारा किया।

### गणतंत्र दिवस हमारे लिए गर्व का दिन : पिकेश्वर

स्वागत भाषण में प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामना संदेश देते हुए कहा आज हम सभी यहां एक अत्यंत गौरवमयी अवसर पर एकत्र हुए हैं। गणतंत्र दिवस का यह ऐतिहासिक दिन हम सभी के लिए गर्व का दिन है, क्योंकि आज ही के दिन हमारे देश के संविधान को अपनाया गया था। हमारे संविधान ने हमारे देश को एक सशक्त लोकतंत्र का रुप दिया। इसमें प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार मिले। यह संविधान न केवल हमारे अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि यह हमारे कर्तव्यों को स्पष्ट करता है, गणतंत्र दिवस का यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। बल्कि उन महान नेताओं को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने हमें यह अधिकार और स्वतंत्रता दिलाने के लिए संघर्ष किये।

## सिंचाई विभाग अंडा में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**अंडा।** सिंचाई विभाग अंडा में गणतंत्र दिवस को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। गांधी जी और भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण करके ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर आर.के. बारखगढ़े, ललित साहू, कामता सिन्हा, राधेश्याम, तिलक चंद्राकर ,अजित चहाकर. प्रवीन चंद्राकर, भूखन बघेल, यशवंत चन्द्राकर ,शिव चंद्राकर, खिलावन भट, घनश्याम, शशि साहू गोर्वधन एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे। आर.के. बारखगढ़े ने ध्वज फहराया। उसके बाद ग्रामीण जनों को मिठाई वितरित किया गया।

## कुसुमकसा अंचल में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**कुसुमकसा।** गणतंत्र दिवस समारोह कुसुमकसा सहित समीपस्थ ग्रामों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

ग्राम पंचायत कुसुमकसा,सहित दीप चौक ,बैगा पारा,आमापारा ,आदर्श चौक,आजाद चौक ,बस स्टैंड चौक ,गैरेज पारा,तालाब पारा ,क्रांति चौक ,शांति नगर , सहित सार्वजनिक चौक चौराहो , शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,कन्या पूर्व माध्यमिक शाला ,कन्या आश्रम ,कन्या प्राथमिक शाला ,बालक प्राथमिक शाला क्रमांक 1एवं 2, बालक पूर्व माध्यमिक शाला ,सरस्वती शिशु मंदिर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला,कुसुम पब्लिक स्कूल , समस्त आंगनबाड़ी केंद्र आयुर्वेदिक औषधालय, आदिमजाति सेवा सहकारी समिति , उप स्वास्थ्य केंद्र में भी तिरंगा ध्वज फहरा कर मिठाईयां बांटी गईं। स्कूली बच्चों ने गणतंत्र दिवस अमर रहे, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयकारों ब बैंड बाजा के साथ नगर भ्रमण किया ,आचार संहिता लागू होने के कारण सामूहिक गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन नही हो पाया ,शैक्षणिक संस्थानों ने अपने अपने शालाओं में बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



## विद्युत केन्द्र अंडा में शान से लहराया तिरंगा

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विद्युत केन्द्र अंडा में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा शान से फहराया गया। इस अवसर पर जे.ई. केके देशमुख ने ध्वज फहराया। इस अवसर पर धनेश चंद्राकर, गजेंद्र मेश्राम, गिरधर, ताराचंद साहू, डिलेश्वर देशमुख, नरेंद्र साहू, राजेश चंद्राकर, लाकेश बांगडे, भुनेश्वर साहू, नीलकंठ, लोकनाथ दिल्लीवार , निरंजन वर्मा, राजेंद्र ताम्रकर, विक्रम, मधु साहू, तामम लाल देशमुख, तुलसी साहू, भागवत, डिगेन्द्र, देवदास साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।




---

# ग्राम भण्डेरा में श्रीमद् भागवत कथा 7 फरवरी से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

ब्लाक अंतर्गत ग्राम भण्डेरा में 7 से 15 फरवरी तक संगीत में श्रीमद् भागवत महा पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक पं. केशव शर्मा ग्राम खामभाट तथा परायणकर्ता पं. राजेन्द्र शर्मा खामभाट होंगे।मिली जानकारी के अनुसार 7 फरवरी दिन शुक्रवार को वेदी पूजन, व्यास पूजन, गौकर्ण कथा,8 फरवरी शनिवार को भागवत महात्म्य, श्री शुकदेव जी जन्मश्रुति, परीक्षित कथा,9 फरवरी रविवार को मनु गाथा, कपिल गीता, गंगावतरण,10 फरवरी सोमवार को वामन अवतार, ध्रुवचरित, जड़भरत कथा होगी। इसी तरह 11 फरवरी मंगलवार को समुद्र मंथन, श्रीराम-कृष्ण जन्मोत्सव, बाल-लीला,12 फरवरी बुधवार को कंशवध , रूखमणी विवाह,13 फरवरी गुरुवार को प्रदुम्न कथा, उषा की मित्रता, सुदामा चरित्र, 14 फरवरी शनिवार को चारित्रय कथा, परीक्षितमोक्ष, यज्ञदान, घर, कपिला-तर्पण व 15 फरवरी रविवार को गीताऽमृत, तुलसीवर्षा, क्षमायाचना के साथ कथा की समाप्ति होगी। प्रवचन का समय दोपहर 01:00 बजे से शाम 05.00 बजे तक रहेगा।

### मकान से चोरी

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि खारुन ग्रीन कॉलोनी निवासी सन मिश्रा की 26 जनवरी की सुबह मकान में ताला जड़कर बिलासपुर गया था। जब वापस घर लौटा तो मेन गेट का ताला टूटा पड़ा मिला। मकान के भीतर से सोना चांदी के जेवरात गायब था।

# जनरल इंश्योरेंस कंपनी को ब्याज सहित देनी होगी क्षतिपूर्ति राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाटाबोड़

जिला उपभोक्ता फोरम बालोद ने एक जनरल इंश्योरेंस कंपनी के विरुद्ध क्षतिपूर्ति राशि ब्याज के साथ देने का आदेश दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरलीधर साहू निवासी पोंडी ने एक नया ट्रैक्टर अपने कृषि कार्य के लिए खरीदा था, जिसका एक जनरल इंश्योरेंस कंपनी से कराया था। गांव के तालाब पार में नागर लगाते समय अचानक ट्रैक्टर का ब्रेक फेल हो गया और सामने बने शौचालय से टकराने के कारण ट्रैक्टर के सामने का भाग क्षतिग्रस्त हो गया। इस पर तत्काल सूचना संबंधित बीमा कंपनी को दी गई। उसके बाद संबंधित सर्विस सेंटर में गाड़ी की सर्विसिंग कराने 17 हजार रूपए का भुगतान किया। उसके बाद उक्त राशि की मांग करने पर बीमा कंपनी ने ट्रैक्टर की आरसीबुक ऑनलाइन नहीं दिखने की बात कहते हुए भुगतान करने से मना कर दिया। मुरलीधर साहू ने न्याय पाने के लिए अपने अधिवक्ता भेष कुमार साहू के माध्यम से फोरम में परिवाद प्रस्तुत किया। इस पर विद्वान अध्यक्ष पाणीग्राही एवं सदस्य राखेचा ने बीमा कंपनी के उक्त कृत्य को सेवा में गंभीर कमी व्यावसायिक कदाचरण का दोषी मनाते हुए, क्षतिपूर्ति राशि, ब्याज सहित लगभग 30 हजार रूपए 45 दिवस के भीतर परिवादी को भुगतान करने का निर्णय सुनाया।

■ जिला उपभोक्ता फोरम बालोद ने पारित किया निर्णय

## कांग्रेस ने जारी की बालोद जनपद पंचायत सदस्यों की सूची

**बालोद।** जनपद पंचायत सदस्य प्रत्याशी बालोद के लिए ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर अध्यक्ष तामेश्वर साहू द्वारा 21 प्रत्याशियों में से 18 प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। जारी सूची के अनुसार जनपद पंचायत क्षेत्र अरमरीकला डोमन लाल, डोटोपार भुवन कलिहारी, भिरई घनश्याम साहू, मोहारा धनुष साहू, बासीन तोशण साहू, पेण्डरवाही सरोज चेलक, खुंदनी गोदावरी साहू, चिरचारी ममता सिहारे, धोबनुपरी पायल साहू, सोनईडोंगरी अगेश्वर यामले, दुपचेदा नमिता साहू, फागुनदाह भोजेश साहू, चंदनबिरही परमिला साहू, मिर्रीटोला सुलोचना साहू, बालोदगहन केसरी धुव्रे, नगझर अजीत कुंजाम, मोखा किर्ती बाई कटेन्द्र को जनपद पंचायत सदस्य के प्रत्याशी बनाया गया है।



# प्लांट में घुसा तेंदुआ मचा हड़कंप






हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीती रात भिलाई इस्पात संयंत्र में उस समय हड़कंप और दहशत फैल गई जब एक तेंदुआ प्लांट के अंदर घुस आया। मैत्रीबाग की टीम आज दिनभर तेंदुआ को तलाश करती रही, लेकिन दिखाई दिया। इस दौरान प्रबंधन ने एहतियातन प्रयास के साथ कर्मियों को अलर्ट कर दिया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार रात करीब एक बजे कहीं से एक तेंदुआ प्लांट के अंदर वायर एंड राड मिल के रेलवे लाइन को पार करता दिखा। बताते हैं कि पटरी पार कर रहे तेंदुआ पर शंटिंग स्टाफ भुवन सिंह की नजर पड़ी और उसने इसका वीडियो भी बनाया। कर्मियों ने सुबह अधिकारियों को इसकी खबर दी। वायरल वीडियो में एक तेंदुआ बीआरएम लाइन को क्रास करता दिखाई दे रहा है। वह री रोलिंग मिल पोस्ट वे ब्रिज के पीछे नंबर 59 के ट्रैक पर घूम रहा है। कर्मियों की सूचना पर अधिकारियों ने मैत्रीबाग की टीम को तेंदुए की तलाशी में लगाया।

मैत्रीबाग के पांच लोगों की टीम प्लांट के अंदर दिनभर तलाश करती रही लेकिन तेंदुआ दिखाई नहीं दिया। इस दौरान प्लांट के अंदर कर्मियों में चिंता का माहौल है। प्रबंधन सूत्रों के मुताबिक टीम को वीडियो की लोकेशन पर तलाशी के दौरान कोई तेंदुआ नहीं दिखा। बुधवार को भी सर्च किया जाएगा।

# पेंड्री समिति के प्राधिकृत अधिकारी खेमलाल की लाश खेत में मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

भटगांव निवासी खेमलाल साहू पिता स्व सुन्दरलाल 65 वर्ष की लाख ग्राम अर्जुनी के एक खेत में लावारिस अवस्था में मिली है।



जानकारी के अनुसार भटगांव निवासी व पेंड्री सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी खेमलाल साहू 27 जनवरी को घर से मोटर सायकिल लेकर निकले थे। देर रात तक घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने अपने रिश्तेदार व आसपास के गांवों में खोजबीन की, लेकिन कहीं पर उनकी जानकारी नहीं मिली। इस पर रनचिरई थाना पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर बुधवार सुबह अर्जुनी में मृतक खेमलाल साहू की लाश लावारिस हालत में एक खेत में पाई गई। गुण्डरदेही पुलिस ने बताया कि सकरौद का एक कबाड़ी वाला खेत में शराब की खाली शीशी बीनने गया था। इस दौरान उन्होंने ग्राम अर्जुनी के अलखु के खेत में लावारिस हालत में लाश देखी। उन्होंने इसकी जानकारी ग्रामीण व कोटवार को दी। कोटवार ने घटना की जानकारी गुण्डरदेही पुलिस को दी। इधर घटना की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट या खरोच के निशान नहीं हैं। मृतक के मुंह से झाग निकला था और जहर की बदबू आ रही थी।

■ 27 जनवरी को घर से बाइक लेकर निकले थे, दूसरे दिन सुबह मिली लाश

### ढाबा में खाना खाने गए व्यक्ति की बाइक चोरी

**बालोद।** डौण्डी के भोलेश्वर ढाबा में खाना खाने पहुंचे कच्चे माइंस में टीएमसी के कर्मचारी की बाइक ढाबा के सामने से चोरी हो गई। चोरी होने के 16 दिन बाद डौंडी थाने मामला दर्ज कराया गया है। जहां अज्ञात बाइक चोर के खिलाफ धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्राथी ग्राम कोटागांव निवासी महेन्द्र बलेन्द्र ने बताया कि 11 जनवरी को दोपहर 3 बजे शासकीय अस्पताल डौण्डी ईलाज कराने अपनी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 24 टी 9937 से आया था। अस्पताल में ईलाज नहीं हुआ, तब वापस घर जाते समय भोलेश्वर ढाबा डौण्डी के सामने अपने बाइक को खड़ा कर खाना खाने के लिए ढाबा के अंदर गया था। खाना खाकर ढाबा से बाहर निकला, तो मेरी बाइक वहां नहीं थी। वहीं, स्वास्थ्य खराब होने के कारण तत्काल रिपोर्ट नहीं लिखा सका। ठीक होने पर 26 जनवरी को थाना डौण्डी में सूचना दिया हूं।



## खबर संक्षेप

### आज से जिले के प्रवास पर रहेंगे चुनाव प्रेक्षक बाजपेयी

**बेमेतरा।** नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के सुचारू संचालन एवं प्रेक्षण कार्य के लिए छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने अमिताभ बाजपेयी आई.एफ.एस अधिकारी, बैच 2007 जो वर्तमान में वन संरक्षक (कैम्पा) मुख्यालय में कार्यरत हैं, को जिले में प्रेक्षक नियुक्त किया है। श्री बाजपेयी 30 जनवरी से जिले में प्रवास पर रहेंगे। वे निर्वाचन से जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए उपलब्ध रहेंगे। आम नागरिक एवं निर्वाचन से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, श्री बाजपेयी से न्यू सर्किट हाउस बेमेतरा के कक्ष क्रमांक-02 में अपरान्ह 03:00 बजे से 5 बजे तक मिल सकते हैं। इस अवधि में वे सभी से संपर्क कर शिकायतों का निवारण करेंगे। इसके अलावा, प्रेक्षक के सुचारू कार्य संपादन के लिए व्ही. एन. दुबे, अनुविभागीय अधिकारी, वन को लायजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है, जबकि वन परिक्षेत्राधिकारी पुनीत राम लसेल को सहायक लायजनिंग ऑफिसर के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### परपोड़ी में भाजपा व कांग्रेस दोनों ने किया जीत का दावा

**परपोड़ी।** नगर में सोमवार को सियासी हलचल तेज हो गई है। दोनों राष्ट्रीय दल भाजपा व कांग्रेस ने नामांकन भरा। भाजपा से देशुराम साहू, कांग्रेस से विजय दुबे ने पर्चा भरा। दोनों दलों के पार्षद प्रत्याशियों ने भी नामांकन दाखिल किया। दोनों दलों ने अपने जीत के दावे किए। भाजपा की ओर से नामांकन रैली में अध्यक्ष प्रत्याशी देशु राम साहू के साथ मंडल भाजपा के अध्यक्ष नारद वर्मा, राजेश दुबे, रामराज वर्मा, राजेश दुबे, सतीश जैन, नथमल कोठारी, राजेश देवांगन आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी देशु राम साहू ने कहा कि भाजपा के सभी प्रत्याशी ने नामांकन भर दिया है। अध्यक्ष व सभी 15 पार्षद चुनाव में जीत दर्ज करेंगे। मतदाता विकास करने वालों के साथ है। कांग्रेस की ओर से नामांकन रैली में अध्यक्ष पद हेतु प्रत्याशी घोषित किए गए विजय दुबे, सहित सभी कांग्रेस पार्षद पद प्रत्याशी, निर्वतमान अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्णा गुड्डु जायसवाल, केशव साहू एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार विजय दुबे ने कहा कि परपोड़ी कांग्रेस का गढ़ रहा है और इस बार भी कांग्रेस ही जीतेगी। कांग्रेस ने विकास कार्यों को गति देगी।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**बालोद।** चंदखुरी दुर्ग से जामड़ीपाठ पटेश्वरधाम घूमकर घर लौट रहे बाइक सवार को कसही रोड के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मारी दी। दुर्घटना में बाइक चालक एक 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, दूसरा बाइक सवार सुरक्षित है। थाना डौण्डीलोहारा से मिली जानकारी के अनुसार मृतक जीवन लाल देशमुख पिता हलाली राम देशमुख 50 वर्ष सड़क पारा चंदखुरी दुर्ग निवासी 15 दिसंबर को अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 सीवी 6774 पर ग्राम खडबना के एमन कुमार के साथ पटेश्वरधाम जामड़ीपाठ घुमने आया था, जो वापस ग्राम खडबना जा रहे थे। मोटर सायकल को जीवन लाल देशमुख चला रहा था।

### पुलिस टीम ने प्रेरणा विद्यालय में विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

# अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी व बैंक डिटेल्स किसी से भी साझा न करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बदलते डिजिटल युग में साइबर अपराधों से बचाव के लिए बेमेतरा पुलिस द्वारा विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में प्रेरणा विद्यालय कठिया में बेमेतरा पुलिस विभाग से महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे, आरक्षक भोला मेरावी एवं आरक्षक बसंत यादव ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा एवं बाल अपराधों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपना ओ टी पी, बैंक डिटेल्स या व्यक्तिगत जानकारी किसी से भी साझा न करें। साइबर अपराध या किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत पुलिस की मदद लें, क्योंकि पुलिस समाज का सशक्त अंग है और सुरक्षा प्रदान करने के लिए तत्पर है।

**बाल अपराधों और आत्मनियंत्रण पर विशेष चर्चा :** महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे ने विद्यार्थियों को बताया कि बच्चों को नशे, जुए और अत्यधिक मोबाइल उपयोग जैसी बुरी आदतों से दूर रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बच्चे नकारात्मक चीजों से जल्दी प्रभावित होते हैं, इसलिए उन्हें आत्मनियंत्रण और सही-गलत का विचार करना आवश्यक है। उन्होंने यह भी समझाया कि नियम और कानून सभी के लिए समान हैं और सभी अपराधों के लिए दंड प्रावधान मौजूद हैं।

#### यातायात सुरक्षा पर मार्गदर्शन

आरक्षक बसंत यादव एवं भोला मेरावी ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने नाबालिगों को वाहन न चलाने एवं बिना लाइसेंस के ड्राइविंग न करने की सलाह दी। साथ ही, ट्रैफिक नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस सत्र में कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया, साथ ही विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। सभी ने साइबर क्राइम, बाल अपराधों एवं यातायात सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। विद्यालय प्रशासन ने बेमेतरा पुलिस विभाग को इस जागरूकता अभियान के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की।

# खरीदी केंद्र में घुसकर धान खा रहे मवेशी



हरिभूमि न्यूजःबेमेतरा/नारायणपुर

- धान खरीदी केंद्र नारायणपुर में नजर आ रही बड़ी लापरवाही

यह तस्वीर किसी गौठान की नहीं, बल्कि सेवा सहकारी समिति ग्राम पंचायत नारायणपुर के पंजीयन क्रमांक 392 के अधीन धान खरीदी केंद्र ग्राम पंचायत नारायणपुर की है। जहां कर्मचारियों की लापरवाही के कारण दर्जनों की संख्या में घूम रहे मवेशी धान खरीदी केन्द्र के अंदर घुसकर सरकारी पैसों से खरीदे धान को खा रहे हैं। जिससे शासन प्रशासन को भारी नुकसानों का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि धान खरीदी केंद्र को शासन द्वारा सुरक्षित भंडारण राशि और प्रसांगिक व्यय के लिए राशि दी जाती है। उनके पैसों से खरीदी केंद्रों में बिजली, पानी, तार घेरा सहित अन्य कार्य किया जा सके, परंतु शासन के पैसे का यह सदुपयोग यहां कम हो रहा है, जहां खरीदी केंद्रों के अंदर मवेशी आसानी से घुसे जा रहे हैं और सारे धान को चट कर रहे हैं। यह तस्वीर शनिवार की है।

#### स्याही पी लेने से मवेशियों की मौत

ग्रामीणों ने बताया कि बारदाने में स्टैंसिल से छप्पा लगाने वाले लाल कलर को मवेशी धोखे से पी गई। इससे खरीदी केंद्रों के अन्दर ही कुछ दिनों पूर्व दो से तीन गायों की मौत हो गई थी। अब देखना होगा कि आखिर यह विभागीय कर्मचारी की लापरवाही का खामियाजा सड़कों पर घूम रहे मवेशियों को चुकना पड़ रहा है।

# प्रशिक्षार्थियों ने कुंजल व जल नेति का किया अभ्यास

### डाइट बेमेतरा में जारी है योग शिक्षा उन्मुखीकरण प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में पांच दिवसीय योग शिक्षा उन्मुखीकरण प्रशिक्षण के तीसरे दिवस रोज की तरह प्रातः 6 बजे से 8 तक प्रशिक्षार्थियों ने खूब योग अभ्यास किया।

प्रशिक्षणार्थी सुबह 5.30 बजे से ही योग के लिए तैयार हो गये थे। सुबह-सुबह सभी प्रशिक्षणार्थियों ने पानी गर्म कर कुंजल क्रिया की। शिक्षक रामकुमार साहू और शिक्षिका गोपेश्वरी साहू, किरण खरे, नीलिमा साहू, रंजीता वर्मा सहित सभी ने बहुत सुंदर जल नेति की क्रिया का प्रदर्शन किया। मास्टर ट्रेनर्स भरत लाल साहू ने कुंजल क्रिया और मास्टर ट्रेनर्स दीपक कुमार यादव ने जल नेति के लाभ को प्रशिक्षार्थियों को बताए। ओम के उच्चारण के साथ योगाभ्यास शुरू किया गया। भ्रामरी प्राणायाम उच्चाई प्राणायाम अनुलोम विलोम और कपालभाति का अभ्यास कराया गया। साथ ही साथ उनके लाभों को भी बताया गया। फिर योगिंग जॉगिंग के 12 स्टेप को कराकर बताया गया। सूर्य नमस्कार के 12 स्टेप को भी बताया गया। वज्रासन पर बैठकर शशक आसान और मंडूकासन को भी बताया गया। सभी प्रशिक्षणार्थियों ने योगाभ्यास को पूरे मन लगाकर कर किया और बहुत खुशी जाहिर की। इस दौरान जल नेति, सूत्र नेति, दुग्ध नेति, घृतनेती आदि के बारे में मास्टर ट्रेनर्स भरत लाल साहू, दीपक कुमार यादव, और रंजीता वर्मा, नीलिमा साहू के द्वारा बताया गया।

#### मास्टर ट्रेनर्स भरत लाल ने एक्यूप्रेशर के लाभ

सैद्धांतिक सेशन की शुरुआत मास्टर ट्रेनर्स भरत लाल साहू के एक्यूप्रेशर संबंधी जानकारी देने के साथ हुई। उन्होंने बताया कि एक्यूप्रेशर, इलाज का एक प्राचीन तरीका है। जिसमें शरीर के अलग-अलग हिस्सों के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दबाव डालकर बीमारी को ठीक करने की कोशिश की जाती है। असल में, हमारे शरीर के मुख्य अंगों के दबाव केंद्र या प्रेशर पॉइंट्स पैरों के तलवों और हथेलियों में होते हैं। एक्यूप्रेशर थेरेपी शरीर के हार्मोन सिस्टम को उत्तेजित करती है। यह शरीर के हर तरह के दर्द में फायदेमंद साबित होती है। अगर आप सिर दर्द, माइग्रेन, जोड़ों के दर्द, जकड़न, घुटनों के दर्द और अर्थराइटिस से पीड़ित हैं, तो एक्यूप्रेशर उपचार से राहत पा सकते हैं। इतना ही नहीं, चिंता, तनाव या पाचन संबंधी समस्या से परेशान हैं, तो इस पारंपरिक उपचार की मदद ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि वजन कम करने के लिए शरीर के कुछ प्वाइंट्स को दबा कर भी मोटापे से छुटकारा पाया जा सकता है। एक्यूप्रेशर करवाने से किसी तरह के साइड इफेक्ट्स का अनुभव नहीं करना पड़ता है। इस थेरेपी को हर कोई बिना किसी डर के आजमा सकता है। कार्यक्रम को संस्थान के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने भी संबोधित किया।

## शिक्षक दंपति ने बच्चों को बांटी कॉपी व कलम...



**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला निनवा के शिक्षक कृष्ण कुमार करमाकर और उनकी धर्मपत्नी ज्योति करमाकर ने मौनी अमावस्या के अवसर एवं पिताश्री मंगल राम करमाकर की स्मृति में प्राथमिक शाला निनवा, प्राथमिक शाला साँवतपुर, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल निनवा में उपस्थित हुए लगभग 400 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क एक कॉपी और एक पेन का वितरण किया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य सुनीता तिवारी, लक्ष्मीनारायण सिन्हा, प्रधान पाठक राजकुमार पाटिल, प्रधान पाठक सुजाता पाण्डेय, सरिता मानिकपुरी, भागीरथी साहू, बृजराज यादव खिलावन दास मृचन्डे एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## सेम्हरडीह में लगा एनएसएस का विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम सेम्हरडीह में 21 से 30 जनवरी तक किया जा रहा है। इसमें स्वयं सेवकों द्वारा गांव में विभिन्न गतिविधियां जैसे स्वच्छता अभियान, जल-संरक्षण नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही स्वयं सेवकों द्वारा दीवालों पर स्वच्छता तथा मतदाता जागरूकता सम्बंधित स्लोगन लेखन किया गया।

रासेयो कार्यक्रम अधिकारी पुरुषोत्तम भुआर्य ने बताया कि सात दिवसीय विशेष शिविर पर ग्रामीणों के लिए जागरूकता कार्यक्रम के साथ साथ प्रत्येक दिन अलग-अलग विशेषज्ञों द्वारा स्वयंसेवकों व ग्रामीणों को लाभान्वित करते हुए मार्गदर्शन प्रेषित किया। शिविर के द्वितीय दिवस पर शिक्षक खेमंत साहू एवं ऐनुका सार्वा द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। तृतीय दिवस पर राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत सर्वश्रेष्ठ वरिष्ठ स्वयंसेवक सम्मान से सम्मानित कौशल गजेंद्र ने राष्ट्रीय योजना से मिलने वाले प्रमाण पत्रों का कहां कब और कैसे लाभ मिलता है और रासेयो का जीवन में क्या महत्व है इस बारे में चर्चा की। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा शिविर के दौरान गणतंत्र दिवस ग्राम सेम्हरडीह में ऐतिहासिक रैली निकालकर मनाया गया। चतुर्थ दिवस पर सभी स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत सेम्हरडीह के आश्रित ग्राम रायपुरा में स्वच्छता अभियान चलाया। पंचम दिवस शासकीय घनश्याम सिंह स्नाकोत्तर महाविद्यालय बालोद विधि विभाग के अध्यापकों द्वारा रासेयो स्वयं सेवकों के साथ-साथ महिला कमांडो की महिलाओं तथा भारत माता वाहिनी की महिलाओं को कानून से संबंधित जानकारी दी।

## लोकसेवा आयोग के सदस्य डॉ वर्मा ने प्रस्तुत किया वार्षिक....



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग के सदस्य डॉ प्रवीण वर्मा ने बताया कि बुधवार तेइसवां वार्षिक प्रतिवेदन राज्यपाल रमन डेका को राजभवन में प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर लोकसेवा आयोग की कार्यकारी अध्यक्ष रीता शांडिल्य, सदस्य डॉ प्रवीण वर्मा, डॉ सरिता उइके, सन्तकुमार नेताम, सचिव अभिजीत सिंह एवं परीक्षा नियंत्रक लीना कोसम उपस्थित रहे।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में टटेंगा स्कूल का परिणाम उत्कृष्ट

**डौंडीलोहारा।** अखिल भारती गायत्री शक्तिपीठ द्वारा संचालित परीक्षा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में हुआ था। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी हर्षा देवांगन व्याख्याता ने बताया कि परीक्षा में वीर यादव कक्षा 7 वीं व प्रियल साहू 8वीं ने विकासखंड स्तर पर द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है। सभी प्रतिभागियों को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## उमराव नगर निवासी सत्यनारायण ने दिल्ली में किया कविता पाठ

**थान खम्हरिया।** तहसील क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम उमरावनगर के कवि सत्यनारायण साहू ने नई दिल्ली में कविता पाठ किया। नवांकुर साहित्य सभा द्वारा कवि सम्मेलन एवं पुस्तक लोकार्पण समारोह का आयोजन दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के गीतांजलि सभागार में विगत दिनों किया गया। संस्था के अध्यक्ष अशोक कश्यप ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में देशभर से चयनित 16 युवा साहित्यकारों को सम्मानित किया गया।

निर्णायक मंडल में देश के प्रतिष्ठित साहित्यकार डा बाल स्वरूप राही, लक्ष्मी शंकर वाजपेयी, नरेश शांडिल्य और अशोक कश्यप रहे। चुने हुए कवियों को समृद्ध मंच के समक्ष कविता पाठ का भी अवसर मिला, जिनमें वरिष्ठ साहित्यकार डा बाल स्वरूप राही, लक्ष्मीशंकर वाजपेयी, नरेश शांडिल्य, रेवा शर्मा, अनिल मित और अशोक कश्यप शामिल थे।




पुस्तक लोकार्पण किया गया, जिसमें चयनित कवियों की कविताएँ शामिल हैं। चयनित कवियों में अश्वनी कुमार राघव, अनंत सप्रे, सुरभी रावत, मोहित नेगी, सुप्रिया सिंह, दीपा डिंगोलिया, अखंड प्रकाश, अरुण कुमार, वेद भारती, कुसुम सिंघल, श्रीयांश गुप्ता, मनदीप कौर, प्रीति टुटेजा, सत्यनारायण साहू सीमा शर्मा, शीतल चंद्र शर्मा शामिल हैं। मंच का संचालन के. शंकर सौम्य और प्रबंधन मृणालीनी पानेसर द्वारा किया गया युवा कवि सत्यनारायण साहू की इस उपलब्धि पर उन्हें क्षेत्रवासियों ने शुभकामनाएं दी है।

### नगर पंचायत कुसमी में निकाली गई नामांकन रैली में शामिल हुए पूर्व विधायक

# कांग्रेस से कोई एक व्यक्ति नहीं, पूरी पार्टी लड़ रही है चुनाव : छाबड़ा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



नगरी निकाय चुनाव में पहली बार नगर पंचायत कुसमी में होने जा रहे चुनाव में नगर पंचायत अध्यक्ष सहित नगर पंचायत के 15 वार्डों में पार्षद पद के नामांकन के लिए आवेदन जमा करने कांग्रेस ने रैली निकाली।

विशाल रैली में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा भी शामिल हुए। इस नगरीय निकाय चुनाव में पहली बार कुसमी के मतदाता अपने नगर के लिए अध्यक्ष सहित पार्षद का चुनाव करने जा रहे हैं। कांग्रेस के कार्यकाल में ही ग्राम पंचायत कुसमी को नगर पंचायत किए जाने की घोषणा सहित नगर में स्वामी आत्मानंद स्मृति अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सहित करोड़ों रुपए के विकास कार्य किए गए थे। रैली को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने दावा किया कि नगर पंचायत कुसमी की जनता इस बार सभी वार्ड सहित नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर कांग्रेस के प्रत्याशियों को जिताने जा रही है। यहां कांग्रेस का वातावरण बना हुआ है। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने नगर पंचायत कुसमी के अध्यक्ष पद प्रत्याशी चंद्र प्रकाश साहू सहित सभी वार्ड पार्षद का चुनाव लड़ रहे कांग्रेस प्रत्याशियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि चुनाव को एक व्यक्ति नहीं लड़ रहा है, यह लड़ाई तो भाजपा विरुद्ध कांग्रेस की है। पूरी कांग्रेस पार्टी दृढ़ता के साथ इस चुनाव को लड़ रही है। इस अवसर पर विजय पारख ललित विश्वकर्मा रामेश्वर देवांगन चन्द्र प्रकाश साहू राधेश्याम देवांगन संतोष साहू रमाकांत साहू धनुष बारले सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्पेशल ट्रेन से - 29 मार्च से 08 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर-16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।



संपर्क करें-
7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport